जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-26.02.2025

थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुन्ना में मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 24.02.2025 को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुन्ना में वादी साजिद अली पुत्र दीनू उर्फ दीन मौहम्मद निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली के भाई अफशरुन की ग्राम सुन्ना निवासी अभियुक्तगण आशु, जावेद, ताजुदीन आदि नें मारपीट कर हत्या कर दी गयी थी। थाना कांधला पुलिस द्वारा मृतक के शव की पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। मृतक के भाई साजिद उपरोक्त तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 26.02.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुन्ना में मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को ग्राम सुन्ना नहर पटरी के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.आशु पुत्र लतीफ निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली।

थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झाड़खेड़ी में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 22.12.2024 को मनीष पुत्र नेकीराम निवासी ग्राम झाड़खेड़ी थाना कैराना जनपद शामली ने अपने भाई अंकित व चाचा नंदकुमार पर खेत में कार्य करते समय अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर जानलेवा हमला करने व गाली गलौच करने के सम्बन्ध थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रमें दिनाँक 25.02.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झाड़खेड़ी जानलेवा हमला कर गाली गलौच करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुयी हैं। शीघ्र ही शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.संदीप पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम झाड़खेड़ी थाना कैराना जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI